**डीजी परिपत्र संख्या- 19/2026**

**यक्ष परिपत्र संख्या- 10/2026**

**राजीव कृष्णा,**
**आई0पी0एस0**

**पुलिस महानिदेशक,**
**उत्तर प्रदेश।**
**पुलिस भवन, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ**
**दिनांक- मार्च 30, 2026**

| **प्राथमिकता – 1** |
|---|
| **Zero Tolerance against crime and criminals** |

प्रिय महोदया/ महोदय,

जैसा कि आप अवगत है कि फील्ड में तैनात समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को यक्ष ऐप में Access प्रदान किया गया है तथा समय-समय पर आवश्यक दिशा निर्देशों के माध्यम से विभिन्न कार्यवाहियाँ एवं उनके पर्यवेक्षण का कार्य प्रभावी रूप से किया जा रहा है।

यक्ष ऐप में थाना स्तर से **लगभग 11 लाख अपराधियों को गांव/मोहल्ला Assign करते हुये लगभग 99 % अपराधियों के सत्यापन की कार्यवाही बीट कर्मियों** द्वारा पूर्ण की जा चुकी है।

**साथ ही बीट कर्मियों द्वारा यक्ष ऐप में बीट सूचना फीड करने का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया गया है।**

बीट पुस्तिका का Format Cumbersome होने व बीट कर्मियो के स्थानान्तरण एवं बीट आवंटन अस्थायी होने के कारण Collect की गई बीट सूचना व Ground Intelligence Institutionalized रूप में संरक्षित नहीं रह पाती थी।

**आप अवगत है कि यक्ष ऐप में बीट सूचना फीड करने की व्यवस्था बनाई गयी है। इसमें ऐसी व्यवस्था दी गयी है कि Feed की गई Beat Suchna व Ground Intelligence Institutionalized Memory के रूप में हमेशा के लिये संरक्षित रहेगी। जिससे अपराध की रोकथाम एवं निरोधात्मक कार्यवाही हेतु सदैव आनलाइन सभी स्तर पर उपलब्ध हो सकेगी।**

## बीट कर्मी द्वारा बीट सूचना फीड करने की प्रक्रिया


यहाँ यह आवश्यक है कि सभी बीट सूचना को यक्ष ऐप में कैसे भरा जाये एवं उन सूचनाओं का पर्यवेक्षण कैसे किया जाये के सम्बन्ध में जानकारी हो सके।

बीट कर्मी द्वारा निम्न Category के अन्तर्गत बीट सूचना अंकित की जा सकती है-


| Beat Suchna Category | | |
|---|---|---|
| **Sr. No.** | **श्रेणियां** | **Category** |
| 1 | विवाद/शत्रुता | Dispute / Enmity |
| 2 | अपराधिक गतिविधियाँ | Criminal Activities |
| 3 | अवैध जुआँ | Gambling |
| 4 | अवैध शराब | Illicit Liquor |
| 5 | अवैध मादक पदार्थ | Illicit Narcotic Substances |
| 6 | वन विभाग से सम्बन्धित अपराध | Forest Department Related Offenses |
| 7 | देह व्यापार | Prostitution |
| 8 | गौतस्करी एवं गौवध | Cow Smuggling and Cow Slaughter |
| 9 | घुमन्तु जाति का डेरा | Camp of Nomadic Tribe |
| 10 | अवैध शस्त्र | Illegal Arms |
| 11 | साम्प्रदायिक तनाव | Communal Tension |
| 12 | मेला / जुलूस / अन्य आयोजन | Fair / Processions / Other Events |
| 13 | यातायात सम्बन्धी | Traffic Related |
| 14 | धार्मिक स्थल सम्बन्धी | Religious Place Related |
| 15 | शैक्षणिक संस्थान सम्बन्धी | Educational Institution Related |
| 16 | व्यापारिक संस्थान सम्बन्धी | Commercial Establishment Related |
| 17 | अन्य | Others |

बीट कर्मी को यक्ष ऐप में बीट सूचना फीड करने हेतु बीट सूचना Icon उपलब्ध कराया गया है। बीट कर्मी द्वारा फीड की जाने वाली बीट सूचना की प्रक्रिया निम्नवत है-


- बीट सूचना Icon पर Click करने के उपरान्त निम्न स्क्रीन प्रदर्शित होगी, जिसमें **Village/Mohalla Option** पर Click करते हुये जिस गाँव से सम्बन्धित बीट सूचना अंकित की जानी है उसका चयन करना होगा।




- उक्त के पश्चात **<u>Suchna Category</u>** पर Click करते हुये बीट सूचना से सम्बन्धित Category का चयन करना होगा।




- इसके उपरान्त **बीट सूचना की गम्भीरता का स्तर** (**<u>Level of Seriousness)</u>** पर Click करते हुये का का चयन करना होगा।




➢ इसके उपरान्त **<u>Describe your Suchna</u>** Option के अन्दर बीट सूचना अंकित करेंगे साथ ही अगर बीट सूचना सम्बन्धित किसी दस्तावेज का फोटो अपलोड करना है तो **<u>Upload any image here</u>** Option पर Click करते हुये अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।




बीट कर्मी **<u>उपरोक्त बीट सूचना श्रेणियों (Beat Suchna Category)</u>** से सम्बन्धित पूर्व की **महत्वपूर्ण बीट सूचना / पूर्व से प्रचलित विवाद** को **अगले 10 दिवस में यक्ष ऐप में ऑनलाइन फीड** करेंगे एवं सुनिश्चित करेंगें कि **भविष्य में बीट सूचना यक्ष ऐप में उपरोक्त श्रेणियों** के अन्तर्गत ही फीड की जाये, ताकि उच्चाधिकारी गण द्वारा इन बीट सूचना/विवाद पर संज्ञान लेते हुये कार्यवाही की जा सके।

**बीट कर्मी द्वारा बीट सूचना Importance के आधार बीट सूचनाओं को सामान्य, महत्वपूर्ण एवं अतिमहत्वपूर्ण श्रेणी में अंकित करने की व्यवस्था भी प्रदान की गयी है।**



जनपदीय नोडल एवं थाना प्रभारी का दायित्व होगा कि बीट कर्मियों को इस सम्बन्ध में अवगत करायें कि बीट सूचना फीड करने समय प्रकरण की महत्वता के आधार पर **श्रेणी (सामान्य, महत्वपूर्ण एवं अतिमहत्वपूर्ण)** का चयन करना सुनिश्चित करेंगे।


## चौकी/हल्का इंचार्ज एवं थाना प्रभारी द्वारा बीट सूचना पर की गयी कार्यवाही अपडेट करने की प्रक्रिया

बीट कर्मी द्वारा यक्ष ऐप में उपरोक्त श्रेणियों के अन्तर्गत बीट सूचना फीड करने के उपरान्त बीट सूचना सम्बन्धित चौकी/हल्का इंचार्ज एवं थाना प्रभारी को कार्यवाही हेतु लम्बित प्रदर्शित होने लगेगी।


चौकी/हल्का इंचार्ज एवं थाना प्रभारी द्वारा सम्बन्धित बीट सूचना को **Attend करते हुये** बीट सूचना पर जो भी कार्यवाही की गयी है उसकी टिप्पणी निर्धारित कॉलम पर दर्ज करनी होगी।

## (A) चौकी/हल्का इंचार्ज द्वारा की जाने वाली कार्यवाही


- चौकी/हल्का इंचार्ज द्वारा ऐप में बीट सूचना के Icon पर Click करने पर निम्न स्क्रीन प्रदर्शित होगी। जिसमें सम्बन्धित चौकी/ हल्का, बीट व गांव/मोहल्ला (जिस गांव/मोहल्ला से सम्बन्धित बीट सूचना पर Take Action की कार्यवाही लम्बित है) को Select करते हुये Apply Filter पर Click करना होगा।



- Apply Filter पर Click करने पर उस गांव/मोहल्ला से सम्बन्धित बीट सूचना प्रदर्शित होने लगेगी और जिस बीट सूचना पर कार्यवाही लम्बित होगी उस पर **Take Action** का Option प्रदर्शित होने लगेगा। स्क्रीनशॉट निम्नवत है-





- उक्त के पश्चात **Take Action** पर Click करने पर **Remark** में चौकी/हल्का इंचार्ज द्वारा बीट सूचना के सम्बन्ध की गयी कार्यवाही अंकित करते हुये व सम्बन्धित Document को अपलोड करते हुये **Submit** पर Click करने पर Take Action की कार्यवाही पूर्ण हो जायेगी।




## (B) थाना प्रभारी द्वारा की जाने वाली कार्यवाही-

### ऐप में की जाने वाली कार्यवाही-


➢ थाना प्रभारी द्वारा ऐप में बीट सूचना के Icon पर Click करने पर निम्न स्क्रीन प्रदर्शित होगी। जिसमें सम्बन्धित चौकी/ हल्का, बीट व गांव/मोहल्ला (जिस गांव/मोहल्ला से सम्बन्धित बीट सूचना पर Take Action की कार्यवाही लम्बित है) को Select करते हुये Apply Filter पर Click करना होगा।




➢ Apply Filter पर Click करने पर उस गांव/मोहल्ला से सम्बन्धित बीट सूचना प्रदर्शित होने लगेगी और जिस बीट सूचना पर कार्यवाही लम्बित होगी उस पर **Take Action** का Option प्रदर्शित होने लगेगा। स्क्रीनशॉट निम्नवत है-




- उक्त के पश्चात **Take Action** पर Click करने पर **Remark** में थाना प्रभारी द्वारा बीट सूचना के सम्बन्ध की गयी कार्यवाही अंकित करते हुये व सम्बन्धित Document को अपलोड करते हुये **Submit** पर Click करने पर Take Action की कार्यवाही पूर्ण हो जायेगी।





## डैशबोर्ड में की जाने वाली कार्यवाही-

- थाना प्रभारी द्वारा डैशबोर्ड में Admin Panel Option के अन्दर Beat Suchna के Icon पर Click करने पर निम्न स्क्रीन प्रदर्शित होगी। जिसमें सम्बन्धित चौकी/ हल्का, बीट व गांव/मोहल्ला को Select करते हुये **Apply** पर Click करना होगा।




- उक्त के पश्चात उस गांव/मोहल्ला से सम्बन्धित बीट सूचना प्रदर्शित होने लगेगी और जिस बीट सूचना पर कार्यवाही लम्बित होगी उस पर **Take Action** का Option प्रदर्शित होने लगेगा, जिस पर Click करने पर निम्न स्क्रीन प्रदर्शित होगी-




➢ उक्त के पश्चात **<u>Take Action</u>** पर Click करने पर **<u>Remark</u>** में थाना प्रभारी द्वारा बीट सूचना के सम्बन्ध की गयी कार्यवाही अंकित करते हुये व सम्बन्धित Document को अपलोड करते हुये **<u>Submit</u>** पर Click करने पर Take Action की कार्यवाही पूर्ण हो जायेगी।

महत्वपूर्ण एवं अति महत्वपूर्ण प्रकरणों में थाना प्रभारियों को मौके पर जाकर प्रकरण की जांच करते हुये आवश्यक कार्यवाही करना अनिवार्य होगा।


## <u>बीट सूचनाओं के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी की भूमिका</u>

चौकी/हल्का इंचार्ज एवं थाना प्रभारी द्वारा बीट सूचनाओं पर जो भी कार्यवाही की गयी है वह क्षेत्राधिकारी के मोबाइल ऐप/डैशबोर्ड पर प्रदर्शित होने लगेगी। क्षेत्राधिकारी द्वारा बीट सूचना पर की गयी कार्यवाही पर **अपनी संस्तुति (संतुष्टि/असंतुष्टि/निरंतर निगरानी की आवश्यकता)** कर सकते है। असंतुष्टि की दशा में क्षेत्राधिकारी को असंतुष्टि का कारण अपनी टिप्पणी में दर्ज करना आवश्यक होगा।

**क्षेत्राधिकारी द्वारा बीट सूचना पर कार्यवाही ऐप व डैशबोर्ड दोनों माध्यम से की जा सकती है।**


**<u>क्षेत्राधिकारी द्वारा ऐप में की जाने वाली कार्यवाही-</u>**

➢ क्षेत्राधिकारी द्वारा ऐप में सम्बन्धित थाना को Select करते हुये Filter Apply करने पर उस थाने से सम्बन्धित कार्यवाही हेतु लम्बित बीट सूचना प्रदर्शित होने लगेगी। साथ ही उस बीट सूचना के सम्बन्ध में चौकी/हल्का प्रभारी व थाना प्रभारी द्वारा जो भी कार्यवाही की गयी है वह भी प्रदर्शित होगी। स्क्रीनशॉट निम्नवत है-





➢ उक्त के पश्चात **<u>Take Action</u>** पर Click करने पर **<u>Level of Satisfaction</u>** का Option प्रदर्शित होगा, जिसके Drop Down Menu पर Click करने पर दो Option दिखाई देंगे **<u>Action Taken is Satisfactory</u>** व **<u>Action Taken is Not Satisfactory</u>**.

Action Taken is Not Satisfactory की स्थिति में असंतुष्टि का कारण **<u>Remark</u>** में दर्ज करना आवश्यक होगा। साथ ही जिन प्रकरण में **<u>निरंतर निगरानी</u>** की आवश्यकता होगी उसमें **<u>Continous Monitoring is Required Check Box में Tick</u>** करना होगा।




**<u>क्षेत्राधिकारी द्वारा डैशबोर्ड में भी निम्न प्रकार से उपरोक्त कार्यवाही की जा सकती है-</u>**


- क्षेत्राधिकारी द्वारा डैशबोर्ड में सम्बन्धित थाना को Select करते हुये Apply करने पर उस थाने से सम्बन्धित कार्यवाही हेतु लम्बित बीट सूचना प्रदर्शित होने लगेगी। साथ ही उस बीट सूचना के सम्बन्ध में चौकी/हल्का प्रभारी व थाना प्रभारी द्वारा जो भी कार्यवाही की गयी है वह भी प्रदर्शित होगी। स्क्रीनशॉट निम्नवत है-





- उक्त के पश्चात **<u>Take Action</u>** पर Click करने पर **<u>Level of Satisfaction</u>** का Option प्रदर्शित होगा।




- जिस पर Click करने पर दो Option दिखाई देंगे **<u>Action Taken is Satisfactory</u>** व **<u>Action Taken is Not Satisfactory</u>**.



➤ Action Taken is Not Satisfactory की स्थिति में असंतुष्टि का कारण **Remark** में दर्ज करना आवश्यक होगा। साथ ही जिन प्रकरण में **निरंतर निगरानी** की आवश्यकता होगी उसमें **Continous Monitoring is Required Check Box में Tick** करना होगा। इस प्रकार बीट सूचनाओं पर कार्यवाही पूर्ण हुई या नहीं यह क्षेत्राधिकारी की संस्तुति पर आधारित होगा।




इस सम्बन्ध में समस्त जनपद प्रभारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने अधीनस्थ क्षेत्राधिकारियों को उपरोक्त कार्यवाही से अवगत कराये एवं बीट सूचनाओं को निर्धारित श्रेणियों में फीड कराते हुये उन पर होने वाली कार्यवाहियों को समय से कराना सुनिश्चित करें।

**बीट सूचनाओं पर प्रभावी कार्यवाही के सम्बन्ध में आवश्यक है कि वरिष्ठ अधिकारी गण द्वारा अपने डैशबोर्ड पर समय समय एक एक निश्चित समयावधि में बीट सूचना एवं उस पर की गयी कार्यवाही का पर्यवेक्षण करेंगे।**

आप सहमत होगें कि यक्ष ऐप का मुख्य उद्देश्य अपराध एवं अपराधियों, क्षेत्र की संवेदनशील सूचनाओं आदि का एकीकृत एवं Accurate Digital Record तैयार करना है, ताकि जमीनी स्तर पर अधिकारी/कर्मचारियों को अपराध नियन्त्रण/रोकथाम/निगरानी के साथ ही उनके सत्यापन आदि करने में आसानी हो सके।

मेरे द्वारा पूर्व में निर्गत किये गये दिशा निर्देशों के अनुपालन में आप सभी द्वारा कार्यवाही कराये जाने का ही परिणाम है कि यक्ष ऐप के माध्यम से अपराध के अनावरण/नियंत्रण में उपयोगिता सिद्ध होने लगी है।

मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के समन्वित प्रयासों से यक्ष ऐप को एक प्रभावी एवं सुदृढ़ बीट पुलिसिंग Tool के रूप में स्थापित किया जा सकेगा।

भवदीय,

(राजीव कृष्णा)

समस्त पुलिस आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक / जनपद प्रभारी उत्तर प्रदेश।

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1. अपर पुलिस महानिदेशक STF, उत्तर प्रदेश।
2. अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उपमहानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।